दिन– रविवार | दिनांक– 18 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के लिए पूर्वी भारत का समग्र विकास जरूरी।

02. केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज नई दिल्ली में पीएम विश्वकर्मा हाट प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन।

03. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने इंडिगो पर बाईस करोड़ बीस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

04. और, प्रदेश में सड़कों की रियल टाईम निगरानी अब एआई तकनीक से की जायेगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में सुशासन और विकास का एक नया मॉडल दिया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न प्रदेशों में हुए चुनावों में लोगों ने भाजपा को आशीर्वाद देकर इसी विकास मॉडल पर मुहर लगाई है।

————————————————————

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा से हावड़ा और असम के कामाख्या के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुवाहाटी–हावड़ा वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल माध्यम से रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन विकसित होते देश की सुखद तस्वीर है।

———बाइट———

————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कई नई अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें पांच ट्रेनें बिहार से होकर चलेंगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया है कि इन ट्रेनों में हावड़ा से आनंद विहार, सियालदह से बनारस, अलीपुरद्वार से मुंबई के पनवेल, डिब्रूगढ़ से लखनऊ के गोमतीनगर और गुवाहाटी के

कामाख्या से रोहतक तक चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। इधर, किशनगंज रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत ट्रेन का ऐतिहासिक ठहराव हुआ। रेलवे स्टेशन पर उद्घाटन समारोह का लाईव प्रसारण किया गया। इस दौरान रेलवे के अधिकारी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कई जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

————————————————————

केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट दो हजार छब्बीस आयोजित करेगी। नई दिल्ली में आज से शुरू हो रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत यह प्रदर्शनी कारीगरों और शिल्पकारों को विशेष रूप से समर्पित है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट दो हजार छब्बीस का उद्देश्य परंपरागत शिल्प में देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करना और उसका उत्सव मनाना है। एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कारीगरों को अपने हस्त निर्मित उत्पादों को देश–विदेश के खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने प्रदर्शित और बेचने का मंच उपलब्ध करना है। इस आयोजन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे, जिससे यह विविध पारंपरिक कौशल और शिल्पों का अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व करेगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना, उनकी पहचान मजबूत करना और टिकाऊ आजीविका के अवसर सृजित करना भी है। पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 में विदेशी मिशनों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन इस महीने की 31 तारीख को सम्पन्न होगा और आम जनता के लिए प्रति दिन  सुबह साढे दस बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। भानु प्रताप सिंह की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश के चौरानवे लाख चिन्हित गरीब परिवारों को जरूरत पड़ने पर रोजगार के लिए दो लाख रूपये से ज्यादा राशि की सहायता दी जायेगी। अभी इन परिवारों को अधिकतम दो लाख रूपये की मदद देने का प्रावधान है। उन्होंने समृद्धि यात्रा के दूसरे दिन पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान का लक्ष्य निर्धारित कर सरकार विकस के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का हर कदम सात निश्चय को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा से पार्टी के दो विधायकों आनंद माधव और आलोक सिंह ने मुलाकात की है। इस दौरान इन विधायकों ने श्री कुशवाहा के प्रति आस्था जतायी और कहा कि पार्टी में कोई मतभेद या नाराजगी नहीं है। हालांकि इस मुलाकात में विधायक रामेश्वर महतो शामिल नहीं थे।

————————————————————

पटना में मेडिकल की तैयारी करने वाली छात्रा की मौत के मामले में गठित एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। एसआईटी ने घटनास्थल का जायजा लिया। टीम

ने गर्ल्स हॉस्टल के उस कमरे को सील कर दिया, जिसमें छात्रा रहती थी। एसआईटी का नेतृत्व पटना केन्द्रीय प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा कर रहे हैं।

———————————————————

प्रदेश में दारोगा के एक हजार सात सौ निन्यानवे पदों पर नियुक्ति को लेकर पहले चरण की प्रारंभिक लिखित परीक्षा आज होगी। इसके लिए प्रदेशभर में चार सौ अंठानवे केन्द्र बनाये गये हैं। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अनुसार परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह दस से बारह बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक संचालित होगी।

———————————————————

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय— डीजीसीए ने इंडिगो पर बाईस करोड़ बीस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना पिछले वर्ष दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो द्वारा बड़े पैमाने पर उड़ानों के समय में देरी करने और उन्हें रद्द करने के मामले में लगाया गया है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

———————————————————

पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा है कि सड़कों की निगरानी अब एआई तकनीक से की जायेगी। उन्होंने पटना में अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि नई तकनीक से उन्नीस हजार तीन सौ सत्ताईस किलोमीटर लम्बाई की सड़क को बेहतर बनाया जायेगा और उनकी गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन सड़कों को अलग—अलग सौ पैकेजों में बांटा गया है, ताकि काम में आसानी हो। बैठक में उन्होंनें ने सड़क की रियल टाईम निगरानी, एआई या एमएल आधारित मॉनिटरिंग और सड़क एम्बुलेंस सेवा से जुड़े मुद्‌दों पर चर्चा की।

———————————————————

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज केंद्रीय बजट पेश होने के दिन, पहली फरवरी को खुले रहेंगे। रविवार होने के बावजूद पहली फरवरी को कारोबार नियमित समय पर जारी रहेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

———————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी—एनटीए ने जेईई (मेन) दो हजार छब्बीस सत्र एक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

———————————————————

सर्द पछुआ हवा का प्रवाह कम होने से राज्य के अधिकांश भागों में ठंड में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतर स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के पश्चिमी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबेस ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————

मधुबनी जिले के झंझारपुर में वन विभाग की टीम ने आर. एस. थाना क्षेत्र में एक घर से छापेमारी कर एक तेंदुआ और दो हिरण की खाल बरामद की है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————

अररिया जिला अंतर्गत रानीगंज प्रखंड में वाहन जांच अभियान के दौरान कुल सड़सठ मोटरसाईकल और अट्ठाईस ऑटो रिक्शा, ई–रिक्शा, चारपहिया वाहनों पर दो लाख छिहत्तर हजार रूपये से अधिक का चालान किया गया है।

————————————————————

हज यात्रा के लिए प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि पच्चीस जनवरी तक बढ़ा दी गई है। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस तिथि के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। मंत्रालय ने हज यात्रियों से अपनी हज बुकिंग और अन्य दस्तावेज़ों को अंतिम रूप देने का आग्रह किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने वैध पासपोर्ट अपने हज समूह आयोजक के पास या संबंधित कार्यालय में जमा करा दें और नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करें।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने पूर्वी चम्पारण के कैथवलिया में विश्व के सबसे ऊंचे शिवलिंग स्थापना पर सुर्खी लगायी है– विराट मंदिर में विराजे शिव।

हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी खबर है– चिन्हित गरीबों को मिलेगी दो लाख से अधिक की मदद।

दैनिक जागरण की खास खबर है– बिहार में शराबबंदी से घटी पारिवारिक कलह।

प्रभात खबर ने राजस्व और भूमि सुधार विभाग के हवाले से लिखा है– पैंतालीस दिनों में रद्द होगी सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी।

आज अखबार की सुर्खी है– मधेपुरा में हाईवा और कार में टक्कर, चार की मौत।

राष्ट्रीय सागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर लिखा है– भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के लिए पूर्वी भारत का समग्र विकास जरूरी।

02. केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज नई दिल्ली में पीएम विश्वकर्मा हाट प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन।

03. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने इंडिगो पर बाईस करोड़ बीस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

04. और, प्रदेश में सड़कों की रियल टाईम निगरानी अब एआई तकनीक से की जायेगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।